बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

## आदेश

सं0सं0–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–..................................

डॉ० नीतीश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी, अररिया द्वारा आवेदन समर्पित कर अवगत कराया गया कि विभागीय अधिसूचना सं०–806(2) दिनांक–29.07.2020 के द्वारा सदर अस्पताल, बेगूसराय में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) के पद पर दिनांक–03.08.2020 को प्रभार ग्रहण किया गया। विभागीय अधिसूचना सं०–169(17) दिनांक–06.02.2020 के आलोक में सीनियर रेजिडेंट (निश्चेतना विभाग) के पद पर अनुग्रह नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, गया में तीन वर्ष की टेन्योर अवधि के लिए कार्यरत थे। टेन्योर अवधि पूरा करने के उपरान्त दिनांक–20.02.2023 को पदस्थापन की प्रतीक्षा में विभाग में योगदान समर्पित किया गया। विभागीय अधिसूचना सं०–1164(2) दिनांक–30.06.2023 द्वारा डॉ० कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी, अररिया में पदस्थापित किया गया। वे दिनांक–01.07.2023 से स्वयं की अस्वस्थता के कारण कर्त्तव्य पर अनुपस्थित है। डॉ० कुमार के द्वारा स्वस्थ्य होने के उपरान्त पुनः पदस्थापित स्थान पर योगदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।

2. डॉ० कुमार द्वारा योगदान करने हेतु किये गये अनुरोध के समीक्षोपरांत डॉ० कुमार का आवेदन स्वीकार करते हुए पूर्व के पदस्थापित स्थान पर योगदान कराने का निर्णय लिया गया है।

3. सिविल सर्जन, अररिया को निदेशित किया जाता है कि डॉ० कुमार को निर्गत आदेश के आलोक में योगदान स्वीकार करते हुए उन्हें पूर्व के पदस्थापित स्थान का प्रभार ग्रहण कराया जाय। डॉ० कुमार का योगदान करने की सूचना अविलंब विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

4. डॉ० नीतीश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी, अररिया के विरूद्ध अनधिकृत अनुपस्थिति के लिए विहित प्रपत्र में आरोप–पत्र गठित कर उपलब्ध करायी जाय।

5. उपर्युक्त में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

(उपेन्द्र राम)

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) ....................../ पटना, दिनांकः–..................................

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार, (ले0 एवं हक0) बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक–9/विविध–13–01/2025(स्वा0) 939(9)/ पटना, दिनांकः–18.8.25

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, पूर्णियाँ प्रमण्डल, पूर्णियाँ/सिविल सर्जन, अररिया को निदेशित किया जाता है कि डॉ० नीतीश कुमार के कर्त्तव्य पर योगदान करने से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

**प्रतिलिपिः**–डॉ० नीतीश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी (मूर्च्छक) प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पलासी, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग, के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाऐं, बिहार पटना के निजी सहायक/प्रभारी प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–2, 3, 7, 8, 17 एवं 18A स्थापना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

18/08/2025

सरकार के अवर सचिव।